***जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 26.08.2024***

***शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 01 अभियुक्त गिरफ्तार***

- *थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 1490 द्वारा सड़क मार्ग में अनियंत्रित होकर बाईक फिसल जाने के कारण घायल 01 व्यक्ति को इलाज हेतु भेजवाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 1490 को थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत हैसर बाजार से इवेन्ट संख्या 40769 से कालर द्वारा सड़क मार्ग में अनियंत्रित होकर बाईक फिसल जाने के कारण 01 व्यक्ति ( सर्वेश पुत्र राम पराग ग्राम परसा भगता थाना महुली जपनद संतकबीरनगर) के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मीयों द्वारा घटनास्थल पर 02 मिनट में पहुँचकर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सीएचसी मलौली भेजवाया गया तथा घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता व सुझबूझ से घटनास्थल पर समय से पहुचकर दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया। जिसकी स्थानीय व्यक्तियो द्वारा सराहना की गयी।

***पीआरवी स्टाफ-* आ0 शुभम सिंह, आ0 पंकज यादव, हो0गा0चा0 राजेश कुमार।**

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 93 वाहनों से 1,30,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया***

आज दिनांक 26.08.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 93 वाहनों से 1,30,500 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

***थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए लूट की घटना में वांछित 01 नफर बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तार***

**दिनांक 23.08.2024 को वादी राहुल निषाद पुत्र जालन्धर निषाद निवासी ग्राम जुडियान थाना गीडा जनपद गोरखपुर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीरनगर पर सूचना दिया गया कि दिनांक 22.08.2024 को अपने मोटरसाइकिल पर साथी के साथ मामा के घर छितौना मगहर जाते समय ग्राम पड़रिया नहर पुल के पास 03 अज्ञात बाइक सवारों द्वारा मारपीट कर मोबाईल छीन लिए । उक्त सूचना पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 641/2024 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत किया गया था, तथा घटना में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण को दिनांक 25.08.2024 को 1-घटना मे प्रयुक्त 01 अदद मोटर साईकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर (रजि0 नं0 यू0पी0 58 ए0एच0 0257)। 2-लूट से प्राप्त 01 अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया था ।**

पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर ***श्री सुशील कुमार सिंह*** के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ***श्री अजीत चौहान*** के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान जनपद में चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद ***श्री सतीश कुमार सिंह*** के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मु0अ0सं0 641/2024 धारा 309(6), 317(2), 3(5) बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद में वांछित 01 नफर बाल अपचारी को आज दिनाँक 26.08.2024 को समय 12.30 बजे मुखबीर की सूचना पर कोड़री नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण –**

**थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम -** उ0नि0 श्री राजीव सिंह, हे0का0 मिथिलेश मिश्रा ,का0 गिरजेश कुमार मध्देशिया।